UPAD010046652026

न्यायालय जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज।
प्रकीर्ण फौजदारी (अन्तरण) वाद संख्या– 478/2026
अनिल त्रिपाठी बनाम रामेन्द्र सिंह

दिनांक/18.07.2026

प्रस्तुत प्रकीर्ण फौजदारी (अन्तरण) वाद पर प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुना जा चुका है और पत्रावली का अवलोकन किया जा चुका है।

**2.** प्रस्तुत अन्तरण प्रार्थना पत्र 3क मय शपथ पत्र 4ख प्रार्थी की ओर से इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थी/परिवादी द्वारा दाखिल एक परिवाद संख्या 33 सन् 2023, अनिल त्रिपाठी बनाम रामेन्द्र सिंह, थाना कर्नलगंज वर्तमान में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या–7, प्रयागराज में व दूसरा परिवाद संख्या 175 सन् 2023, अनिल त्रिपाठी बनाम रामेन्द्र सिंह, थाना सिविल लाइन्स, प्रयागराज, न्यायालय विशेष न्यायाधीश एन0 आई0 एक्ट द्वितीय, प्रयागराज में विचाराधीन हैं। दोनों परिवादों में पक्षकार समान हैं। अतः उपरोक्त दोनों परिवादों को किसी एक न्यायालय में स्थानान्तरित करने की प्रार्थना की गयी है।

**3.** अतिरिक्त न्यायालय एन0 आई0 एक्ट, कोर्ट संख्या–2, प्रयागराज की आख्यानुसार अन्तरण प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित परिवाद संख्या 175/2023, अनिल त्रिपाठी बनाम रामेन्द्र सिंह, अन्तर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, थाना सिविल लाइन्स, प्रयागराज की पत्रावली विचारण हेतु लम्बित है।

**4.** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या–7, प्रयागराज की आख्यानुसार अन्तरण प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित परिवाद संख्या 33/2023, अनिल त्रिपाठी बनाम रामेन्द्र सिंह, धारा 138 एन0 आई0 एक्ट, थाना कर्नलगंज, प्रयागराज की पत्रावली विचारण हेतु लम्बित है। चूँकि दोनों प्रकरण में पक्षकार समान हैं, अतः प्रार्थना पत्र 3क स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

**1.** प्रार्थना पत्र 3क स्वीकार किया जाता है।

**2.** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या–7, प्रयागराज के न्यायालय में विचाराधीन परिवाद संख्या 33/2023, अनिल त्रिपाठी बनाम रामेन्द्र सिंह, धारा 138 एन0 आई0 एक्ट, थाना कर्नलगंज, प्रयागराज की पत्रावली उक्त न्यायालय से वापस लेकर विशेष न्यायालय, एन0 आई0 एक्ट, कक्ष सं0–2, प्रयागराज के न्यायालय में विधि अनुसार निस्तारण हेतु अन्तरित की जाती है।

**3.** आदेश की प्रति सम्बन्धित न्यायालयों को प्रेषित की जाये।

**4.** प्रकीर्ण फौजदारी (अन्तरण) वाद तद्नुसार निस्तारित किया जाता है।

( सत्य प्रकाश त्रिपाठी )
जनपद न्यायाधीश,
प्रयागराज।
**JO Code-UP5687**

दिनांक/18.07.2026

आरके